खबर संक्षेप

### आज पढ़ी जाएगी ईद की नमाज

**अम्बिकापुर।** शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में दो रकम जुमा की नमाज अदा की। इसके साथ ही शनिवार को समाज के लोगों द्वारा ईद मनाई जाएगी। ईद के मौके पर समाज के लोग ईदगाह व मजिस्दों में नमाज अदा करेंगे। ईद की नमाज को लेकर कमेटियों ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। बता दें कि मुस्लिम समाज के लोग पवित्र माह रमजान में लगातार एक माह से रोजा रखने के साथ ही इबादत कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने तरावीह की नमाज पढ़ने के साथ ही रोजे रखे और दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। वहीं शुक्रवार को समाज के लोगों ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की। शहर के जमा मस्जिद के साथ ही नाजमिया मस्जिद रसूलपुर व अन्य मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई गई और लोगों ने देश में अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। इसके साथ ही शनिवार को समाज के लोगों द्वारा 21 मार्च को ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। ईद के त्यौहार को लेकर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के साथ ही अन्य कमेटियों द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 9 बजे पढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही रसूलपुर नाजमिया मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 9 बजे, जामा मजिस्द में 9.30 बजे, नूरानी मस्जिद मोमिनपुरा में 9 बजे, गौसिया मस्जिद में 8.30 बजे, लुचकी अल शकूर मस्जिद में 8.30 सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी। कमेटियों द्वारा नमाज के लिए व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए है, गर्मी के मौसम में धूप से बचाव के लिए टेंट पंडाल की व्यवस्था की गई है।

## महुआ बीनने ग्रामीण जगह-जगह लगा रहे आग

# टाइगर रिजर्व सहित अन्य वनों में 24 घंटे से धधक रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

गर्मी बढ़ने के साथ ही अब जंगलों में आग धधकनी शुरू हो गई है। वनकर्मी किसी तरह एक जगह की आग बुझाने की मशक्कत कर ही रहे हैं तब तक जंगल के दूसरे स्थानों पर आग की लपटें उठना शुरू हो जा रही है। सीमावर्ती गुरूघासी दास अभ्यारण्य एवं सामान्य जंगल में एक साथ कई स्थानों पर आग धधकने से वन अमले की परेशानी बढ़ गई है। गुरूवार की शाम बैजनपाट के पश्चिमी क्षेत्र में लगी आग 24 घंटे का समय गुजरने के बावजूद नहीं बुझाई जा सकी है।

**खास बात**
- आग बुझाने वन अमला कर रहा मशक्कत

इस बार महुआ की फसल अच्छी है। ग्रामीण सुबह होते ही टोलियां बनाकर अपने क्षेत्र में जंगल में महुआ फूल का संग्रहण करने पहुंच जा रहे हैं। महुआ फूल संग्रहण करने में आसानी हो इसलिए ग्रामीण पेड़ के नीचे पड़े सूखे पत्तों में आग लगा देते हैं जो जंगल के बड़े इलाके में फैल जाती है। वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने फरवरी महीने में ही आवश्यक तैयारियां कर ली थी। बलरामपुर वनमण्डल में वनकर्मी जंगल में आग लगाने वाले ग्रामीणों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर रहे हैं वहीं अन्य वनमण्डलों में वन अमला वनों की निगरानी कर रहा है। विभाग की सख्ती के बावजूद जंगल जलने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। बताया जा रहा है कि महुआ संग्रहण के बाद शाम को घर लौटने के दौरान गुरूघासी दास अभ्यारण्य अंतर्गत रिहंद रेंज एवं बिहारपुर रेंज के सामान्य जंगलों में ग्रामीण आग लगा दे रहे हैं जिसके कारण पूरी रात जंगल जल रहे हैं। गुरूवार की शाम किसी ने रिहंद रेंज अंतर्गत बैजनपाट पहाड़ी के पश्चिमी क्षेत्र में आग लगा दी और पूरी रात जंगल जलता रहा है। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी सुबह से ही आग बुझाने की कोशिशें कर रहे हैं लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वन अमले को आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। वनकर्मी कड़ी मशक्कत के बाद एक जगह की आग बुझाने में सफल हो रहे हैं तो दूसरे स्थानों पर आग लगने की घटना हो जा रही है। विभाग की अलग-अलग दो टीमें लगातार जंगल की आग बुझाने की मशक्कत कर रही हैं। बिहारपुर रेंज अंतर्गत गढ़वतिया पहाड़ एवं रोहिना पहाड़ी पर भी शुक्रवार को सुबह से ही आग धधक रही है।

इस संबंध में रिहंद रेज के परिक्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि सुबह से ही विभाग की दो टीमें आग बुझाने की मशक्कत कर रही है। मैं स्वयं घटना स्थल पर जा रहा हूं। आग लगाने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।


जंगल में धधकती आग।

### जल रहा गौरलाट पहाड़ी का जंगल

वन परिक्षेत्र कुसमी अंतर्गत छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची गौरलाटा पहाड़ी के जंगल में लगी आग को बुझाने में विभाग को सऊलता नहीं मिली है। जंगल की आग लगातार फलते जा रही है। पहाड़ी से सुबह से ही आग की लपटें व धुंए का गुबार उठ रहा है। पहाड़ी स्थित जंगल की आग फैलने से वन्य जीवों व वनस्पतियों के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है।






## खबर संक्षेप

### अद्विका सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में हासिल की सफलता

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी शिक्षक आकाश गुप्ता की पुत्री अद्विका गुप्ता ने मेहनत और लगन से जिले का नाम रोशन किया है।



अद्विका वर्तमान में न्यू एरा पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत है और उसने एक साथ दो प्रतिष्ठित परीक्षाओं सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता हासिल कर उपलब्धि दर्ज की है। अद्विका गुप्ता ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में पूरे जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर परचम लहराया। साथ ही सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में भी उसने जिले की पहली बालिका के रूप में चयनित होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अपनी सफलता का श्रेय अद्विका ने पिता आकाश गुप्ता और माता कंचन गुप्ता को दिया है। उन्होंने बताया कि चाचा विकास गुप्ता के मार्गदर्शन और सहयोग रहा जिससे तैयारी को मजबूत बनाया।

### स्वास्थ्य केंद्र स्थित शिविर में 9 ग्रामीणों ने किया रक्तदान



**मैनपाट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बीएमओ डॉ. रविशंकर सिंह ने उपस्थित लोगों को रक्तदान का महत्व बता समय समय पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। सीतापुर के बदरुद्दीन इराकी ने कहा कि रक्तदान कर जीवन-मौत से जूझ रहे लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है तथा इसके लिए हर व्यक्ति को जागरूक होकर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। शिविर में 9 लोगों ने रक्तदान किया। सीएचसी में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों सहित अन्य सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## चार माह से मुआवजा के लिए दर-दर भटक रहे ग्रामीण

# नहर निर्माण के लिए किया गया ग्रामीणों का भूमि अधिग्रहण लेकिन नहीं दिया मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

किसानों को बेहतर सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध हो इसके लिए करोड़ों की लागत से बतौली के ग्राम सिरकीढोडी बांध से ग्राम रतनपुर होते हुए ग्राम पंचायत कोट तक नहर निर्माण कराया जा रहा है। इधर नहर निर्माण के दायरे में आए आधा दर्जन किसानों का विभाग ने भूमि अधिग्रहण किया है लेकिन आज तक किसानों को मुआवजा नसीब नहीं हुआ। पिछले चार माह से ग्रामीण मुआवजा के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे है बावजूद इसके मुआवजा नहीं मिला। ऐसे में अब मुआवजा को लेकर किसानों को चिंता सताने लगी है।

**खास बात**

- सिंचाई विभाग ने नहर निर्माण के लिए किया भू अर्जन

बतौली के ग्राम रतनपुर में करोड़ों की राशि से नहर निर्माण किया जा रहा है जहां विभागीय उदासीनता के कारण मैनपाट के 6 प्रभावित किसानों के 7 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने के बाद भी पिछले 4 महीने से मुआवजा राशि नहीं दी गई। ऐसे में किसान मुआवजा के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। बतौली के ग्राम सिरकीढोडी बांध से ग्राम रतनपुर होते हुए ग्राम पंचायत कोट तक करोड़ों की राशि से सिंचाई विभाग द्वारा नहर का कार्य ठेकेदार के माध्यम से करा रहे है। इधर नहर निर्माण जारी है जहां किसानों को मुआवजा नहीं मिलने की चिंता सता रही है। मैनपाट के तराई क्षेत्र ग्राम पंचायत कोट के 6 किसानों की भूमि बतौली राजस्व विभाग के ग्राम रतनपुर में मौजूद है, जहां पीढ़ी दर पीढ़ी पूर्वजों द्वारा खेती किसानी करते आ रहे है जिनका शासन द्वारा भूमि अधिग्रहण भी कर लिया लेकिन मुआवजा नहीं दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कलेक्टर को आवेदन देकर आए थे उम्मीद था जल्द ही मुआवजा राशि मिल जाएगी लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी कुछ पता नहीं चल रहा है। नहर निर्माण कार्य पूर्ण होने के कगार में है। अगर नहर निर्माण पूर्ण हो गया तो आने वाले दिनों में मुआवजा के लिए और भी परेशानी बढ़ जाएगी। किसानों का कहना है कि मुआवजा राशि नहीं मिली तो मजबूरन उग्र आंदोलन करेंगे।



पीड़ित ग्रामीण।



निर्माणाधीन नहर।

### आधा दर्जन किसानों का किया गया भू अर्जन

बतौली के ग्राम सिरकीढोडी बांध से ग्राम रतनपुर होते हुए ग्राम पंचायत कोट तक सिंचाई विभाग द्वारा नहर निर्माण ठेकेदार के माध्यम से करा रहे है जहां मैनपाट के तराई क्षेत्र ग्राम कोट निवासी 6 किसान उमेश्वर कंवर के भूमि रकबा 4.973, इंद्रवती कंवर भूमि रकबा 0.441, सुखलाल कंवर भूमि रकबा 0.154 , रामचंद्र कंवर भूमि रकबा 0.267,सुमित्रा भूमि रकबा 0.510 , अमरसाय भूमि रकबा 0.793 कुल 7.138 एकड़ भूमि इन किसानों का भू अर्जन किया गया है लेकिन आज तक भूमि के एवज में मुआवजा राशि प्रदान नहीं की गई है।

#### मिला सिर्फ आश्वासन

नहर निर्माण के लिए शासन द्वारा भूमि अधिग्रहण तो कर लिया गया लेकिन अब किसान मुआवजा के लिए भटक रहे है। जिन 6 किसानों के निजी पट्टे की भूमि अधिग्रहण किया गया है वे मुआवजा नहीं मिलने से परेशान है। किसानों का कहना है कि कुल 7.138 एकड़ भूमि नहर निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया है वह भूमि खुद की पुश्तैनी भूमि है जहां पीढ़ी दर पीढ़ी खेती किसानी करते आ रहे है। लेकिन पट्टे की भूमि को अधिग्रहण करने के बावजूद मुआवजा राशि नहीं दी गई है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

#### कराई जाएगी जांच

नहर निर्माण के लिए किसानों का भूमि अधिग्रहण किया गया है तो प्रभावित किसानों का मुआवजा प्रकरण बना है या नहीं इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के पश्चार प्रभावितों को उनकी मुआवजा राशि प्रदानी की जाएगी।

-राम सिंह ठाकुर, एसडीएम सीतापुर



जेल का निरीक्षण करते अधिकारी।

## जिला जेल का किया गया निरीक्षण, बंदियों को दी गई विधिक सहायता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती विनीता वार्नर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट विजिटर्स बोर्ड ने जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता एवं विधिक सहायता व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था।

निरीक्षण दल ने बैरक, रसोईघर, स्वास्थ्य केंद्र एवं सामान्य उपयोग के क्षेत्रों का बारीकी से मुआयना किया तथा स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं, शिक्षा कार्यक्रमों एवं लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन किया। अधिकारियों ने बंदियों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों को स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन, नियमित चिकित्सा जांच एवं शिक्षा के अवसर बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित किए जाएं। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल ने बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि जेल लीगल एड क्लीनिक में उपस्थित अधिवक्ता एवं पीएलवी से बंदी बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी कानूनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। सचिव पायल टोपनो ने बंदियों की व्यक्तिगत समस्याएं नोट कर मुफ्त अधिवक्ता नियुक्ति एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल की सेवाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी, सीएमएचओ कपिल देव पैकरा, जेल अधीक्षक विक्रम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 22 मार्च रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाईन सर्जन डॉ.अमित मुखर्जी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद आहूजा एवं डॉ. गौरव त्रिपाठी, गठिया एवं वात रोग विशेषज्ञ डॉ.जगबीर सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।




# शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस की हुई बैठक संगठन को मजबूत करने दिए निर्देश



**सूरजपुर।** सर्किट हाउस में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर के संयुक्त नेतृत्व एवं शहर कांग्रेस प्रभारी नरेन्द्र जैन, विकास सिंह व ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी संजीव श्रीवास्तव की उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में संगठन के कार्यकारिणी विस्तार, संगठन के गतिविधियों की रूप-रेखा एवं आगामी आने वाले कार्यक्रमों की रणनीति तय किया गया।

साथ ही बूथ स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक के कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने का रणनीति तय किया गया। बैठक में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रमुखता के साथ महत्व देते हुए जनता के बीच जाकर भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा जनता के साथ किए जा रहे छल एवं झूठे वादे एवं कांग्रेस द्वारा देश एवं प्रदेश के विकास के लिए किए गए कार्यों को पहुंचाने की रूपरेखा तय किया गया। इस दौरान नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, कुसुमलता राजवाड़े, मनोज अग्रवाल, वीरेन्द्र बंसल, विष्णु कसेरा, आकाश साहू, नीरज तायल, नवीन जायसवाल,अविनाश यादव, भावना सिंह नेताम, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र मिश्रा, बाबूलाल सिंह, किशुन सिंह, बाबूलाल राजवाड़े, हरक लाल राजवाड़े, दिलीप सोनी, हिमाचल राजवाड़े, चंदूल कुशवाहा, कलकत्ता राजवाड़े, इंद्रजीत शर्मा, सैयद नदीम, मुस्तफा खान, शिवम साहू, सौरभ गुप्ता, सुमंत राजवाड़े, गिरधारी साहू, प्रशांत साहू, नूरेशा तिर्की, अंजना दास, मोहिबुल हसन, मधु साहू, राजेश सोनवानी, देश दीपक दीवान, हुपेश प्रजापति, संजय कुजूर, सोमनाथ सिंह, दिनेश सिंह, रामेश्वर, मोहनराज, गुलशन राजवाड़े, परमेश्वर सिंह, बाला राम राजवाड़े, सुरेन्द्र सिंह, सोमारू सिंह, प्रवीण सोनी, मोहन सिंह, रामसिंह, कमलेश राजवाड़े, लालू राजवाड़े, अमित यादव, शौर्य रवि एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर शोभा यात्रा के साथ हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर हिंदू युवा जागरण मंच के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभा यात्रा, दीपोत्सव, भजन-संध्या, भंडारा एवं जगराते का भव्य आयोजन किया गया। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

हिंदू नववर्ष उत्सव के तहत हाई स्कूल ग्राउंड से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पेट्रोल पंप तक पहुंची और पुनः मुख्य चौक होते हुए वापस हाई स्कूल ग्राउंड में संपन्न हुई। मुख्य चौक पर आकर्षक आतिशबाजी और पटाखों के साथ उत्सव का उल्लास व्यक्त किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ जनों द्वारा विधिवत आरती की गई। शोभा यात्रा के दौरान जय श्रीराम और माता रानी के जयघोष से नगर गुंजायमान रहा। आकर्षक झांकियां, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार संजय सुरीला ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर देर रात तक श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह एवं नवीन अग्रवाल ने श्रीराम की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आयोजन स्थल पर 11 हजार दीपों से सजा भव्य दीपोत्सव एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने आभार व्यक्त किया।

### चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष पर मोहल्ले वासियों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**अम्बिकापुर।** चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष पर शहर के गोधनपुर चौक के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एकत्र हुए। चैत्र नवरात्र पर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साथ ही भारत माता की आरती की गई। वहीं हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 हिन्दू नववर्ष के आगमन पर भव्य आतिशबाजी की गई। साथ ही सभी कार्यक्रम में शामिल सभी सनातनी हिंदू ने एक दूसरे को हिंदू वर्ष की बधाइयां दी।



# वृद्धाश्रम में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर बुजुर्गों को मिला उपचार व परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



आयुष विभाग द्वारा स्नेह संबल वृद्धा आश्रम तिलसिवा में एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आश्रम में निवासरत बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा बुजुर्गों को ऋतुचर्या, दिनचर्या एवं योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में वात रोग, बीपी, शुगर, कमजोरी एवं चर्म रोग से पीड़ति मरीजों का परीक्षण कर उन्हें होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में आयुष विभाग के डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. अनीता पैंकरा, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. लीला प्रिया करकेटा, फार्मासिस्ट दाऊ राम कमर, उषा किरण, एमपीडब्ल्यू तुलेश्वर एवं चंद्रभान, लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र सिंह सहित समाज कल्याण विभाग से अधीक्षक चंदा रजवाड़े, पायल गुप्ता, सुरेश गुप्ता एवं सोशल वर्कर मोहित रजवाड़े उपस्थित रहे।

### नवसंवत्सर में शिव मंदिर में जलाया गया दीप

**अंबिकापुर।** पतंजली योग समिति द्वारा गांधी चौक स्थित शिव मंदिर में चैत्र प्रतिप्रदा के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान पतंजली योग समिति के सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी, कौशलेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद चौधरी, ललित पाण्डेय, मंगलेश श्रीवास्तव, विक्स श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000




TOP IN SURGUJA


गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# आप सभी को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद





































## खबर संक्षेप



### जिपं सीईओ ने खिलाड़ियों से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों को आज रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने खिलाड़ियों से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च तक सरगुजा में आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले से कुल 410 खिलाड़ी 12 विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेंगे। जिला प्रशासन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कार्यशाला में छात्रों को मिला पर्यटन और पर्यावरण संतुलन का नया दृष्टिकोण



**प्रेमनगर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय इको टूरिज्म कार्यशाला के चौथे दिन का सत्र छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास के नए आयाम विषय पर केंद्रित रहा। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसमें पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया जगते एवं विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष आलोक साहू उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ. अखिलेश द्विवेदी और डॉ. अखिलेश पाण्डे एवं विनोद साहू ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक हीरालाल सिंह ने किया।

### सामान्य सभा की बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी




**राजपुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा, कृषि, वन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), स्वास्थ्य, पशुचिकित्सा, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उद्यानिकी, पीएमजीएसवाई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी। सदस्यों ने योजनाओं की जमीनी स्थिति पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि संस्थागत प्रसव केंद्रों से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र 21 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से जारी किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रति सदस्यों ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्ता युक्त भोजन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई और व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना विशेष कारण के किसी भी विभाग के अधिकारी अपने स्थान पर प्रतिनिधि न भेजें, बल्कि स्वयं उपस्थित होकर जवाबदेही सुनिश्चित करें। बैठक में सभी विभागों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और आमजन को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

### विक्षोभ के प्रभाव से देर शाम हुई वर्षा

**अंबिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। शुक्रवार की देर शाम शहर में हल्की वर्षा हुई। उत्तर भारत में पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का असर अभी तक खत्म नहीं हुआ है। साथ ही दो दिन पूर्व सक्रिय विक्षोभ भी पूर्व में सक्रिय विक्षोभ में सम्मिलित हो गया है। इधर देश के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका की सक्रियता भी पूर्ववत बनी हुई है जिसके प्रभाव से लागातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है। पूर्व में हुई बारिश एवं ओलावृष्टि के कार भी वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ गई है तथा स्थानीय प्रभाव से बदल बन रहे है। शुक्रवार को दोपहर बाद से देर शाम तक आसमान पर घने बादल छाए रहे वहीं रात्रि 8.45 बजे हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी रात में भी कहीं कहीं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। इसके पूर्व गुरुवार को मैनपाट में सुबह से शाम तक हल्की वर्षा हुई थी। आलू अनुसंधान केंद्र द्वारा मैनपाट में 4.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

## वन भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 166 लोगों जारी की नोटिस

# महामाया पहाड़ पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ फिर सक्रिय हुआ वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामाया पहाड़ पर लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण एवं सागौन पेड़ों की हो रही अवैध कटाई की लगातार शिकायतों के बाद एक बाद फिर वन विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने महामाया पहाड़ी की वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रहे 166 लोगों को नोटिस जारी किया है जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प बच गया है।

**खास बात**
- अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कम्प

वन अमले की लापरवाही से शहर से सटे महामाया पहाड़ के अस्तित्व पर बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। महामाया पहाड़ की सुरक्षा के उद्देश्य से वन विभाग ने पहाड़ी पर आक्सीजोन पार्क विकसित करने के साथ ही रेस्ट हाऊस सहित अन्य निर्माण किया है जहां नियमित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की आवाजाही होती है साथ ही जंगल की सुरक्षा के लिए नियमित कर्मचारी भी नियुक्त हैं लेकिन वन अधिकारियों की लापरवाही से न तो पहाड़ी पर अवैध अतिक्रमण का सिलसिला रूक रहा है न ही सागौन पेड़ों की अवैध कटाई। दबंग पहाड़ी के अलग-अलग हिस्से में दिनदहाड़े मुरूम का उत्खनन कर रहे हैं। धल्ले से चल रहे अवैध कटाई एवं उत्खनन पर लोग वन अधिकारियों पर भी मिलीभगत करने का आरोप लगा रहे हैं। पहाड़ी की वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर सैकड़ों लोगों द्वारा पक्के मकान बनाने की शिकायत पर पिछले साल विभाग ने जांच उपरांत अतिक्रमणकारियों का चिन्हांकन किया था तथा अंतिम नोटिस जारी कर 19 जनवरी 2025 को पहाड़ी की वन भूमि पर बने 42 मकानों को ढहाकर अतिक्रमण हटाया था। विभाग ने पिछले साल जून में चोरकाकछार के 38 अवैध अतिक्रमण को हटा कर भूमि को कब्जा मुक्त किया था। वर्षों से वन भूमि में मकान बनाकर रह रहे लोगों को इस तरह की प्रशासनिक कार्रवाई की उम्मीद नहीं थी तथा लोग अंतिम समय तक इसका हल निकालने की उम्मीदें लगाए बैठे थे। विभाग ने वन भूमि में निवासरत अन्य अतिक्रमणकारियों का भी चिन्हांकन किया था लेकिन किसी कारण आगे की कार्रवाई रोक दी गई। भाजपा पार्षद आलोक दुबे की शिकायत पर फिर से विभाग सक्रिय हो गया है तथा पहाड़ी के खैरबार बीट के आरएफ 5581 स्थित वन भूमि पर निवासरत 166 लोगों को धारा 80 की अंतिम नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने एक पखवाड़े का समय दिया गया है। नोटिस में अतिक्रमणकारियों को भूमि से संबंधित वैध दस्तावेज भी प्रस्तुत करने कहा गया है।


जंगल में कटे सागौन के पेड़।


पेड़ों को काटकर बनाया गया मैदान।

### जांच के लिए 6 सदस्यीय टीम

शहर से सटा महामाया पहाड़ ग्राम खैरबार, बधियाचुंवा, लालमाटी, लुचकी एवं बांकी बांध का इलाका जंगल का क्षेत्र है। इस क्षेत्र की वन भूमि को संरक्षित करने विभाग ने बीच-बीच में पौधरोपण करने की भी खानापूर्ति की लेकिन सफलता नहीं मिली। इन क्षेत्रों में लगातार अवैध अतिक्रमण हो रहा है। वन भूमि पर लगातार अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर विभाग ने प्रशिक्षु आईएफएस श्वेता कंबोज के नेतृत्व में 6 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जांच टीम पूरे इलाके का भ्रमण कर हाल में हुए अवैध अतिक्रमणों का चिन्हांकनन करेगी।

### दो एकड़ में लगे सागौन पेड़ों का सफाया

पार्षद आलोक दुबे ने वनकर्मियों की मिलीभगत से अतिक्रमणकारियों द्वारा 2 एकड़ में लगे सागौन के हरे पेड़ों की अवैध कटाई करने की शिकायत की थी। शिकायत पर विभाग के अधिकारियों ने जांच की तो शिकायत सही मिली। बताया जा रहा है कि बीट गार्ड अली अहमद की शह पर तस्करों ने होलिका दहन की रात्रि सागौन पेड़ों की कटाई की थी। अवैध कटाई की पुष्टि होने पर विभाग ने बीट गार्ड अली अहमद को हटा दिया है। पार्षद श्री दुबे ने बीट गार्ड से लेकर एसडीओ तक वन अधिकारियों पर भू-माफियाओं से मिलीभगत करने एवं अवैध वसूली करने तथा अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कटाई संबंधी जनप्रतिनिधि की शिकायत पर जांच हेतु जंगल नहीं जाने का आरोप लगाया है।

### दी गई नोटिस

महामाया पहाड़ स्थित कक्ष क्रमांक आरएफ-2581 की वन भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 166 लोगों को अंतिम नोटिस जारी की गई है। लापरवाही सामने आने पर कर्मचारियों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा

## हितग्राहियों को तीन महीने से नहीं दिया गया राशन, लोगों में आक्रोश

- सरपंच, सचिव व ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गांव के गरीब तबके के लोगों को सस्ते दर पर मिलने वाला राशन विगत तीन महीने से वितरण नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दुकान चलाने वाली स्वयं सहायता समूह पर कालाबाजारी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गरीबों के हिस्से का सस्ता अनाज दुकान संचालक द्वारा कालाबाजारियों के हवाले कर दिया गया है। सस्ते राशन के अभाव में ग्रामीणों की परेशानी देख गांव की सरपंच सचिव एवं ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप लाखों रुपए के राशन गबन की जांच की मांग की है।

विदित हो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सस्ते दर पर गरीब तबके के लोगों को दिया जाने वाला राशन ग्राम पेटला में विगत तीन महीने से वितरण नहीं किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पेटला में दीपिका स्वयं सहायता समूह द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य राशन दुकान का संचालन किया जाता है जिनके द्वारा सन 2026 में माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च का राशन नही दिया गया है। राशन दुकान का संचालन करने वाली स्वयं सहायता समूह ने ग्राम पेटला के साढ़े छः सौ कार्ड धारियों को तीन माह से चना, चावल, शक्कर नही दिया है जिसकी वजह से जरूरतमंद लोगों के यहां राशन का अभाव हो गया है और वो अपनी जरूरत पूरी करने के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे है। गांव में कई घर तो ऐसे है जिनके यहां सरकारी राशन के बदौलत चूल्हा जलता है अगर उन्हें समय पर राशन नहीं मिला तो वो दाने दाने को मोहताज हो जाते है। विगत तीन महीने से राशन का अभाव झेल रहे लोगों ने दुकान संचालक पर राशन की कालाबाजारी का आरोप लगाया है। लोगो का कहना है कि तीन महीने से लोगों को राशन नहीं मिला है यह खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी पता है लेकिन विभाग ने न कभी इस पर संज्ञान नहीं लिया और न ही राशन वितरण कराने को लेकर गंभीर नजर आई। राशन के अभाव में ग्रामीणों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए विगत दिनों ग्राम सभा मे इस मुद्दे को उठाया गया। बैठक के दौरान सरपंच हर्षिला समेत मौजूद पंच एवं ग्रामीणों ने राशन वितरण व्यवस्था में अनियमितता पर दुकान संचालक को आड़े हाथों लिया। इस संबंध में सरपंच ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप ग्रामीणों को राशन दिलाने समेत राशन दुकान संचालित करने वाली दीपिका स्वयं सहायता के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की मांग की है।

इस संबंध में एसडीएम रामसिंह ठाकुर ने बताया कि इस मामले की जांच होगी। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## पढ़ाई करने वापस छात्रावास लौटी छात्र से अधीक्षिका ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- पिता ने एसडीएम से की शिकायत

छात्रावास अधीक्षिका पर कक्षा 12वी की पढ़ाई करने वाली छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ति व मारपीट करने का आरोप लगा है। छात्रा के पिता ने मामले में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि मैनपाट के डांगबुड़ा में रहने वाली छात्रा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास में रहकर शासकीय कन्या उमावि में कक्षा 12वीं की पढ़ाई करती है। छात्रा के पिता का आरोप है कि छात्रा कुछ दिनों पहले घर आई हुई थी। घर में कुछ दिन रहने के बाद 12वीं परीक्षा की तैयारी करने घर से वापस छात्रावास आ गई। छात्रावास आते ही अधीक्षिका ने नाराजगी जताते हुए छात्रा को फटकार लगाई और घर वापस जाने कहा। इतने में भी उनका मन नही भरा तब अधीक्षिका ने छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ति करते हुए पिटाई कर दी। छात्रावास अधीक्षिका के इस बर्ताव से 12वी की परीक्षा की तैयारी के सिलसिले में छात्रावास गई छात्रा बुरी तरह डर गई और अपने साथ हुई घटना के बारे में घरवालों को अवगत कराया। छात्रा के पिता के बताए अनुसार गांव में पढ़ाई का माहौल नही होने की वजह से छात्रा परीक्षा की तैयारी की नीयत से वापस छात्रावास लौट आई थी। बेटी के साथ मारपीट की घटना से दुःखी पिता ने छात्रावास अधीक्षिका पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आरोप है कि अधीक्षिका एक ही छात्रावास में लम्बे समय से पदस्थ है और कई बार शिकायत व कार्रवाई के बाद भी वे अपने स्थान पर डटी हुई है।

इस संबंध में एसडीएम रामसिंह ठाकुर ने बताया कि उसकी जांच हो रही है।इसके जांच के लिए बीईओ कार्यालय को आदेशित किया गया है।

## अनाधिकृत रूप से उप पंजीयक कार्यालय में बैठ रहे दस्तावेज लेखक, चल रही दलाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- उप पंजीयक ने किया आकस्मिक निरीक्षण, मनमानी आई सामने, होगी कार्रवाई

उप पंजीयक कार्यालय में लंबे समय से दलालों द्वारा अवैध वसूली की शिकायतों के बीच शुक्रवार को उप पंजीयक ने अचानक निरीक्षण कर व्यवस्था को परखा। निरीक्षण के दौरान वे सीधे दस्तावेज लेखन कक्ष पहुंचे, जहां उन्होंने मौजूद दस्तावेज लेखकों की जांच की और उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। जांच में यह बात सामने आई कि कई दस्तावेज लेखक ऐसे हैं जिनका लाइसेंस बलरामपुर का जारी हुआ है लेकिन वे राजपुर में बैठकर काम कर रहे हैं। साथ ही दलालों के माध्यम से पक्षकारों से अवैध वसूली किए जाने की भी बात सामने आई।

निरीक्षण के दौरान उप पंजीयक को यह भी जानकारी मिली कि तहसील कार्यालय के आसपास कई दलाल सक्रिय हैं जो लाइसेंसधारी दस्तावेज लेखकों और बाहरी एजेंटों के साथ मिलकर काम करते हैं। ये दलाल पक्षकारों को सीधे कार्यालय तक नहीं आने देते बल्कि उन्हें पास के होटलों या अन्य स्थानों पर ले जाकर सौदेबाजी करते हैं और हर कार्य पर कमीशन लेते हैं। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उप पंजीयक ने संबंधित लोगों के नाम नोट किए और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई करने की बात कही। उप पंजीयक ने स्पष्ट कहा कि वे सप्ताह में मंगलवार और गुरुवार को राजपुर में बैठते हैं लेकिन दलालों की सक्रियता के कारण कार्यालय की छवि खराब हो रही है। इसे सुधारने के लिए उन्होंने सॉफ्टवेयर के माध्यम से दस्तावेज लेखकों को निर्देश जारी किए हैं कि केवल वही व्यक्ति कार्य करेंगे जिनका लाइसेंस वैध है। साथ ही तहसील परिसर और आसपास के होटलों में बैठकर दलाली करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। भविष्य में ऐसी गतिविधि सामने आने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बताया जा रहा है कि लाइसेंसधारी दस्तावेज लेखक पक्षकारों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल रहे हैं। जहां वास्तविक फीस लगभग 3000 रुपए है वहीं अधिकारियों के नाम पर 3000 से 5000 रुपए और ऑपरेटर शुल्क के नाम पर अलग से 1000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह राशि वास्तव में अधिकारियों तक पहुंचती है या नहीं, लेकिन पक्षकारों से अवैध वसूली का सिलसिला लंबे समय से जारी है।



### की जाएगी कड़ी कार्रवाई

शिकायत मिली थी कि लाइसेंस धारी दस्तावेज लेखक के अलावा अन्य कई लोग दलाली का व लेखक का कार्य करते हैं और अवैध वसूली की जा रही है। शिकायतों को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। दो बलरामपुर के दस्तावेज लेखक हैं फिर भी इनके द्वारा राजपुर में बैठकर कार्य किया जाता है इसके अलावा अन्य अनाधिकृत रूप से यहां रहकर लड़ाई झगड़ा और अवैध वसूली करते हैं। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और उचित कार्रवाई होगी।

-बसंत कुजूर
उप पंजीयक राजपुर

## चरित्र शंका का आरोप लगाकर महिला से मारपीट, निकाला घर से

**मदनपुर।** ग्राम पंचायत रविन्द्र नगर में एक महिला को उसके परिजन ने चरित्र शंका का आरोप लगाकर न सिर्फ उसके साथ मारपीट किया बल्कि उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत जयनगर थाने में की है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जयनगर थाने में दी गई शिकायत में 41 वर्षीया पीड़िता ने बताया है कि तीन साल पूर्व ही पति की मृत्यु हो गई जिसके बाद वह पुत्र के साथ ससुराल में रह रही थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर वह एक शो रूप में काम करने के अलावा टिफिन पार्सल का काम कर पुत्र का लालन पालन करती आ रही थी। पीड़िता का आरोप है कि 11 मार्च की रात 9 बजे शो रूम का एक सहकर्मी उसके घर पैसा देने आया था। सहकर्मी के घर में आने की जानकारी परिजन को लगी तो जेठ, देवर सहित अन्य लाठी डंडा लेकर पहुंचे और उसे एवं सहकर्मी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही सहकर्मी को शादी करने का दबाव बनाने लगे और जबरन कई कागजों पर उसका हस्ताक्षर करवा कर अपने पास रख लिए। पीड़िता ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## सरगुजा ओलंपिक के संभाग स्तरीय स्पर्धा आज से, सीएम करेंगे उद्घाटन



- संभागभर से 2190 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेला में भी होंगे शामिल

**अम्बिकापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को सरगुजा जिले के प्रवास पर रहेंगे। सीएम श्री साय इस दौरान सरगुजा ओलंपिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के साथ ही कृषि विश्व विद्यालय में राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेला में शामिल होंगे।

सरगुजा के बाद सीएम सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड अंतर्गत कूदरगढ़ में आयोजित कूदरगढ़ महोत्सव में शामिल होंगे। इन कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है। बता दें कि सरगुजा ओलम्पिक 2026 के संभागस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 21 से 23 मार्च तक सरगुजा जिले के अम्बिकापुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 21 मार्च को स्थानीय पीजी कॉलेज ग्राउंड में तीन दिवसीय खेल स्पर्धा का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। इसके साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, पर्यटन संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज होंगे। बता दें कि सरगुजा ओलंपिक में कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, दौड़, बैडमिंटन, रस्साकसी समेत 12 खेल विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु व्यायाम शिक्षकों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। संभाग स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता 2026 में कुल 2190 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें 1044 महिला एवं 1146 पुरूष शामिल हैं। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्गों 17 वर्ष से कम एवं 17 वर्ष से अधिक वर्ष में होगी।

## ग्रामीणों की शिकायत पर पकड़ा गया गांजा तस्कर, 950 ग्राम गांजा जब्त



**अम्बिकापुर।** ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायत पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गांव में गांजा बिक्री कर रहे गांजा तस्कर को पकड़ा। टीम ने आरोपी के पास से 950 ग्राम गांजा जब्त कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को रनपुर खुर्द के ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि रनपुर खुर्द में रहने वाले नूर मोहम्मद एवं उसके बेटा ज़फ़र एवं सफर द्वारा लंबे समय से गांजा बेच रहे है। दोनों के गांव में गांजा बेचने से पूरे गांव का माहौल बिगड़ रहा हैं। शिकायत की पुष्टि होने के बाद आज सुबह संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने रनपुर खुर्द निवासी नूर मोहम्मद के घर छापा मार कार्यवाही की गई। घर पर मो. सफर मौजूद मिला। घर की तलाश में 950 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 ए के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत कुमार गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह तथा महिला सैनिक राजकुमारी एवं चंद्रावती सक्रिय रही।

## रविन्द्रनगर गांव में बढ़ते कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** बढ़ते कर्ज के तनाव से परेशान होकर ग्राम रविंद्रनगर निवासी एक युवक ने बीती रात अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रविंद्रनगर निवासी सीलिंग सेट्रिंग का काम करने वाला 35 वर्षीय राजेश राय पिता दीपक राय ने गुरुवार की रात घर में अपने कमरे में सोने गया,जहां पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजन ने आशंका जताई है कि युवक कर्ज की वजह से काफी तनाव में रहता था, जिस वजह से उसने उक्त घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि युवक की पत्नी भी गुरुवार को ही अपने मायके जाने घर से निकली थी, जिससे वह अकेलेपन में फांसी लगा लिया है, हालांकि मामले की जांच पूरी होने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी,फिलहाल पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411